कार्यवाही नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम की बोर्ड की बैठक दिनांक 06.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे निगम सभाकक्ष मे सम्पन्न हुई, जिसकी उपस्थिति निम्नवत है–

गजराज सिंह बिष्ट
महापौर

(01) श्रीमती रेशमा परवीन (02) श्रीमती जानकी पोखरिया (03) श्रीमती रुकमणी बिष्ट (04) श्रीमती रेखा बिनवाल (05) श्री मुकेश सिंह (06) श्रीमती तनुजा (07) श्रीमती भागीरथी बिष्ट (08) श्रीमती बबली वर्मा (09) श्रीमती विद्या देवी (10) श्रीमती प्रीति आर्य (11) श्रीमती निर्मला तिवारी (12) श्रीमती नेहा अधिकारी (13) श्री धर्मवीर (14) श्री सलीम सैफी (15) श्री सलमान सिद्दीकी (16) श्री मुकुल बल्यूटिया (17) श्री चंद्र प्रकाश (18) श्री गुफरान (19) श्री दीपक बिष्ट (20) श्री चंदन मेहता (21) श्री संजय पांडे (22) श्री प्रेम प्रकाश बेलवाल (23) श्री राजेश पंत (24) श्री प्रेम चन्द्र बेलवाल (25) श्रीमती विनीत पांडे (26) श्री पंकज त्रिपाठी (27) श्री अमित सिंह (28) श्री शैलेंद्र सिंह दानू (29) श्री रईस अहमद (30) श्रीमती फईमजेबा (31) श्रीमती शाहजहां बेगम (32) श्री सलीम सैफी (33) श्री हरीश जोशी (34) श्री रोहित कुमार (35) श्री अनिल बंसल (36) श्री पनीराम (37) श्री भारत बिष्ट (38) श्री प्रमोद पंत (39) श्री हरगोविन्द सिंह रावत (40) श्री देवकीनंदन जोशी (41) श्री हरेंद्र सिंह बिष्ट (42) श्रीमती ममता जोशी (43) श्री मनोज जोशी (44) मौ0 गुफ़रान

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 01–** शासनादेश संख्या 1777/iv(3)/20263/01(40)/2012 दिनांक 13 जुलाई, 2026 के क्रम में शासन द्वारा नामिति पार्षदगणों का शपथ ग्रहण। | मा0 महापौर महोदय, नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम द्वारा शासन से निर्दिष्ठ 08 पार्षदों को शपथ दिलाई गयी। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02–** कार्यकारिणी समिति द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुमोदन पर विचार। | समस्त प्रस्तावों को पटल पर रखा गया। प्रस्तावों को मा0 पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.1–** नगर निगम के स्वामित्व वाली किरायेदारी दुकानों के किराया वृद्धि के पूर्व बोर्ड प्रस्ताव सं0 04 दिनांक 31.03.2026 को संशोधित करते हुए वर्तमान में दुकान किराया में 50 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने एवं दुकान किराया छूट सहित 31 अक्टूबर 2026 तक जमा कराने पर विचार। | मा0 बोर्ड द्वारा सम्यक विचारोपरान्त **किराया वृद्वि एवं दुकान किराया छूट** के प्रस्ताव को **सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।** |

| | |
|---|---|
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.2–** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पोल लगाये जाने हेतु विद्युत विभाग (ग्रामीण) को 200 विद्युत पोल लगाये जाने के लिए आख्या मांगी गई थी, जिसमें विद्युत विभाग (ग्रामीण) द्वारा धनराशि रूपया 49,50,806.43/– का व्यय आगणन किया गया है। उक्त विद्युत पोल लगाये जाने पर विचार। | मा0 बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.3–** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्यों हेतु गाडियां, ट्रैक्टर और टैंकर क्रय किये जाने पर विचार। | सम्यक विचारोपरान्त नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई की आवश्यकता को देखते हुए जनहित में प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.4–** नगर निगम कार्यालय के पश्चिम भाग में स्थित रिक्त भूखण्ड पर भवन का विस्तारीकरण एवं सिंगल विंडो समाधान किये जाने पर विचार। | उक्त के संबंध में विस्तृत चर्चा पश्चात सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। शासन से Single Window मद में प्राप्त धनराशि के अतिरिक्त धनराशि निगम निधि अथवा 16वॉं वित्त आयोग/एस.एफ.सी. से प्राप्त धनराशि से लिए जाने पर सहमति के साथ प्रस्ताव स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.5–** नगर निगम के सुभाष नगर स्थित भवन को क्षेत्रीय कार्यालय खोलने पर विचार। | सुभाष नगर स्थित भवन को क्षेत्रीय कार्यालय खोलने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। उक्त कार्य में आने वाले व्यय को निगम निधि अथवा 16वॉं वित्त आयोग/एस.एफ.सी से प्राप्त धनराशि से लिए जाने की स्वीकृति मा0 बोर्ड द्वारा किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.6–** मूर्ति स्थापना किये जाने पर विचार। | उक्त के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी तथा भूमि चयन हेतु पार्षदों से भी भूमि उपलब्धता के सम्बन्ध में प्रस्ताव मांगे जाने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात भूमि चयन के सम्बन्ध में मा0 महापौर को अन्तिम निर्णय लिये जाने हेतु अधिकृत किया जाना स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.7–** नैनीताल से प्राप्त 50 TPD फ्रैश वेस्ट प्लॉन्ट के शर्तानुसार अवशेष राशि के भुगतान से सम्बन्धित पर विचार। | विस्तृत चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से तत्समय किये गये एम0ओ0यू0 के अनुसार भुगतान सम्बन्धी अग्रेत्तर कार्यवाही करते हुए भुगतान |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| | CFC/SFC/निगम निधि से लिए जाने पर मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.8**—गंगापुर कब्डाल में स्थित गौशाला में बायोगैस प्लॉन्ट लगाये जाने पर विचार। | उक्त विषय पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त प्लॉन्ट लगाया जाना स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.9**— गंगापुर कब्डाल गौशाला में मृत गौवशं हेतु इंसीनरेटर लगाये जाने के सम्बन्ध में विचार। | उक्त विषय पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त प्लॉन्ट निर्माण किये जाने को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। इसके सम्बन्ध में निर्माण हेतु शासन द्वारा धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु जी0ओ0 के अनुसार कार्यवाही किया जाना स्वीकार किया गया। साथ ही इस सम्बन्ध में शासन से अवमुक्त धनराशि के अतिरक्त व्यय होने वाली राशि का भुगतान निगम निधि अथवा 16वाँ वित्त आयोग/एस.एफ.सी. से प्राप्त धनराशि से लिए जाने की स्वीकृति मा0 बोर्ड द्वारा दी गयी। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.10**—एस0डब्ल्यू0एम0 नियम–2026 के अनुपालनार्थ उपनियम निर्माण पर विचार। | विस्तृत विचारोपरान्त एस0डब्ल्यू0एम0 नियम–2026 के अनुपालनार्थ तैयार किये गये ड्राफ्ट उपविधी को अनन्तिम रूप से स्वीकार किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 02.11**— नगर निगम सीमान्तर्गत ट्यूब्वैल निर्माण हेतु आवश्यक धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध मे। | विस्तृत विचारोपरान्त वार्ड संख्या 08, 09, 10, 11 के निवासीयों हेतु 15वें वित्त आयोग से प्राप्त टाईट फण्ड की धनराशि से व्यापक जनहित में ट्यूब्वैल निर्माण हेतु जल संस्थान को धनराशि प्रेषण करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकार किया गया। बोर्ड द्वारा जनहित एवं नगर निगम हित में भविष्य में निर्माण/सामग्री क्रय किये जाने हेतु आवश्यकतानुसार वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु सर्वसम्मति से मा0 महापौर को अधिकृत किया गया। |
| **विशेष प्रस्ताव संख्या 2.12**— नगर निगम सीमान्तर्गत चलाये जा रहे आरोग्य मन्दिर के अनुबन्ध पर विचार। | विस्तृत विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान में नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत चलाये जा रहे 10 आरोग्य मन्दिरों का ब्रेथवेट कम्पनी से अनुबन्ध समाप्त हो चुका है। जिसके क्रम में मा0 बोर्ड द्वारा यह निर्देश दिये गये कि शासन के द्वारा निविदा पूर्ण होने तक एक अल्पकालीन निविदा/ई0ओ0सी0 |

१८

| | |
|---|---|
| | की जाये, जिसकी कार्य अवधि शासन से निविदा पूर्ण होने अथवा 06 माह के लिए नियत करने का निर्णय लिया गया एवं अल्पकालीन निविदा/ई0ओ0आई0 पूर्ण होने तक नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम में कार्यरत कार्यदायी संस्था वाइटल रेडियोलॉजी सर्विसेज से शासन द्वारा निर्धारित शर्तो/दरों पर आरोग्य केन्द्रों का संचालन कराया जाये। |

## अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से

**विशेष प्रस्ताव संख्या 03–** नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम द्वारा किये गये निर्माण कार्यो के अनुमोदन पर विचार।

सर्वसम्मति से निम्न कार्यो का अनुमोदन स्वीकार किया गया–

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धनराशि |
|---|---|---|
| 01 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 15 नालों की सफाई एवं तलीझाड़ का कार्य। | 18.38 |
| 02 | वार्ड नं0 03 जजी कोर्ट के पास ऑचल मिल्क कैफे का निर्माण कार्य। | 11.75 |
| 03 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निर्मल विहार से लालडाठ चौराहे तक रकसिया नाले की सफाई एवं तलीझाड़ का कार्य। | 16.25 |
| 04 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत लालडाठ चौराहे से डहरिया रोड, नीम के पेड़ तक रकसिया नाले की सफाई एवं तलीझाड़ का कार्य। | 12.14 |
| 05 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डहरिया रोड नीम के पेड़ से बिरला स्कूल तक रकसिया नाले की सफाई एवं तलीझाड़ का कार्य। | 17.11 |
| 06 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिरला स्कूल से प्रेमपुर लोश्यानी तक रकसिया नाले की सफाई एवं तलीझाड़ का कार्य। | 13.97 |
| 07 | वार्ड नं0 3 न्यू आवास विकास कालोनी से नैनीताल मार्ग की ओर नाली का निर्माण कार्य। | 12.68 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 08 | वार्ड नं0 45 पुष्प विहार में सी0सी0 रोड का पुनः निर्माण कार्य। | 10.80 |
| | 09 | गौला रोखड़ स्थित नगर निगम कूड़ा स्थल (ट्रन्चिंग ग्राउण्ड) की क्षतिग्रस्त चहारदीवारी के पुर्ननिर्माण / मरम्मत का कार्य। | 66.79 |
| | 10 | वार्ड नं0 43 संगम विहार फेज-4 में किशन सिंह जी के घर के पास पी0सी0 द्वारा सडक निर्माण का कार्य। | 17.24 |
| | 11 | वार्ड नं0 52 जज फार्म सी-68 निकट आकृति स्कूल में श्री दीप तिवारी के भवन से श्री सामंत जी के भवन व श्री प्रदीप बिष्ट के भवन के समीप सी0सी0 मार्ग के पुनःनिर्माण के सम्बन्ध में। | 15.96 |
| | 12 | वार्ड नं0 60 गौजाजाली में विद्या पुष्प अकेडमी के सामने सिंचाई विभाग द्वारा स्थानान्तरित भूमि पर पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 24.97 |
| | 13 | वार्ड नं0 38 बिठौरिया नं0 2 धीरज खुल्बे जी के घर के समीप, पनियाली तोक आशा देवी जी के घर के पीछे, चन्दफार्म में कैलाश चन्द्र जी के घर के सामने, भुवन चन्द्र पाण्डे जी के घर के सामने व परिहार जी के घर से यश काण्डपाल के प्लॉट तक आपदा / अतिवृष्टि के कारण हुई क्षतिग्रस्त नाले की दीवारों की मरम्मत का निर्माण कार्य। | 16.45 |
| | 14 | मण्डी बाईपास रोड के समीप वेन्डिंग जोन का निर्माण कार्य। | 35.84 |
| | 15 | मंगल पडाव के समीप वैन्डिंग जोन का निर्माण कार्य। | 70.97 |
| | 16 | नगर निगम इण्टर कालेज परिसर में पुस्तकालय का निर्माण कार्य। | 39.87 |
| | 17 | वार्ड नं0 05 शिव मन्दिर से गोपाल बिष्ट जी के घर तक और हिम्मत जी के घर से मुन्ना पोखरियाल जी | 10.14 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | के घर तक का मार्ग पॉलीशीट काठगोदाम में कंकीट ब्लॉक रोड व नाली का निर्माण कार्य। | |
| 18 | वार्ड नं0 09 महेश नगर में हेडिया जी के घर से मुखानी रोड तक इन्टरलाकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 20.59 |
| 19 | राजपुरा धोबीघाट हल्द्वानी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 56.59 |
| 20 | कियाशाला निकट बिठौरिया हल्द्वानी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 55.72 |
| 21 | निकट ब्लॉक आफिस हल्द्वानी में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 50.73 |
| 22 | नगर निगम इण्टर कालेज परिसर में पुस्तकालय का निर्माण कार्य। | 39.87 |
| 23 | नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत देवलचौड शिव मन्दिर के समीप पार्क का निर्माण कार्य। | 90.55 |
| 24 | नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नव सम्मिलित क्षेत्र की गूलों में गूल सफाई का कार्य। | 22.49 |
| 25 | गोला रोखड़ स्थित ट्रन्चिंग ग्राउण्ड में सी0सी0 द्वारा एप्रोच मार्ग निर्माण का कार्य। | 10.10 |
| 26 | नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम क्षेत्रान्तर्गत जेल रोड के प्रथम तल में दुकान निर्माण का कार्य। | 7.27 |
| 27 | वार्ड नं0 11 नवाबी रोड तल्ला गोरखपुर में डा0 नरियाल वाली सडक में नाली के ऊपर जाल लगाने का कार्य। | 5.08 |
| 28 | वार्ड नं0 42 कुशल कौशल कालोनी में बिष्ट जी के घर से बोरा जी के घर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा मार्ग के निर्माण का कार्य | 18.17 |
| | **कुल धनराशि** | **788.47** |

| | |
|---|---|
| **प्रस्ताव संख्या 04**—नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम में सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्रों/अस्थाई पर्यावरण मित्रों के मृत्यु पर सफाई व्यवस्था सुदृढ करने हेतु स्वच्छता समिति गठन करने पर विचार | सम्यक विचारोपरान्त मा0 बोर्ड द्वारा सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्रों/अस्थाई पर्यावरण मित्रों के मृत्यु पर सफाई व्यवस्था सुदृढ करने हेतु स्वच्छता समिति आवश्यकतानुसार गठन करने हेतु मा0 महापौर महोदय को अधिकृत किया गया। |
| **प्रस्ताव संख्या 05**— नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम क्षेत्रान्तर्गत यू0यू0एस0डी0ए0 द्वारा सड़क निर्माण के साथ ही नाली निर्माण किये जाने पर विचार। | सम्यक विचारोपरान्त मा0 बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यू0यू0एस0डी0ए0 द्वारा निर्मित ऐसी सड़कें जिनमें ड्रेनेज हेतु नाली की व्यवस्था नहीं है, उनमें नाली निर्माण हेतु शासन एवं यू0यू0एस0डी0ए0 को पत्राचार करते हुए नाली निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। |
| **प्रस्ताव संख्या 06**— मा0 पार्षदगणों का प्रस्ताव इस आशय का कि शहर के अन्तर्गत स्थित समस्त कबाड के दुकानों को शहर से बाहर किये जाने पर विचार। | मा0 बोर्ड द्वारा सर्वसम्मिति से यह स्वीकार किया गया कि रिहायशी क्षेत्रों में सभी कबाड की दुकानों को बंद कर शहर के बाहर खोलने के निर्देश दिये गये और भविष्य में कोई भी कबाड की दुकान नगर क्षेत्र में नहीं खोले जाने के निर्देश दिये गये। |
| **प्रस्ताव संख्या7— गौलापार टेचिगं ग्राउन्ड मं फ्रेस वेस्ट प्लान्ट लागये जाने पर विचार।** | मा0 बोर्ड द्वारा पूर्व में कलस्तर के कम्पोस्ट प्लान्ट निर्माण हतु अवमुक्त धनराशि में से 6.87 करोड से प्रतिदिन आने वाले कूडे के निस्तारण हेतु फ्रेस वेस्ट प्लान्ट लगाये जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। |

**गजराज सिंह बिष्ट**
महापौर
नगर निगम हल्द्वानी–काठगोदाम

पत्रांक ........ दिनांक 12/8/2024

**प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

01. समस्त मा0 पार्षदगणों को सूचनार्थ।
02. निदेशक शहरी विकास निदेशालय को सादर सूचनार्थ।
03. जिलाधिकारी, नैनीताल को सादर सूचनार्थ।

नगर आयुक्त

Scanned with OKEN Scanner